


# सामुदायिक शौचालय के भूमि पूजन में फंस गई पेंच

## ऐसा कार्य ना करें जिससे किसी की मनसा पर ठेस पहुंचे : प्रतिमा बागरी, कोठी में दीन सहायक संस्था प्रांगण में विवादित भूमि पूजन एवं कंबल वितरण कार्यक्रम में बोली

नवभारत न्यूज

**कोठी 21 दिसम्बर। आज कोठी के दीन सहायक संस्था में आयोजित कार्यक्रम में उस वक्त सभी अचंभित रह गए जब दीन सहायक संस्था द्वारा आज मध्य प्रदेश शासन की नगरीय निकाय एवं आवास विभाग की राज्य मंत्री को भी गुमराह किया गया और कोठी के तत्कालीन राजा सीता रमणप्रताप बहादुर सिंह जी की मूर्ति का भूमि पूजन बताकर सार्वजनिक शौचालय का भूमि पूजन कर लिया गया फिर क्या था जिसके बाद मामला बिगड़ गया और राज्य मंत्री को स्वयं हस्तक्षेप करना पड़ गया।**

दरअसल आज कोठी में दीन सहायक संस्था द्वारा दिन-हीन गरीबों एवं जरूरतमंद लोगों को ठंड में सहायता प्रदान करने के लिए कंबल वितरण के साथ जरूरतमंद बच्चों को कपड़े बांटने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें भूमि पूजन का भी कार्यक्रम प्रस्तावित था और वह संदेह के दायरे हो गया संस्था द्वारा गुमराह कर कराए गए भूमि पूजन में विवाद खड़ा हो गया है और मामला बिगड़ गया।

आज कार्यक्रम स्थल पर जैसे ही राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी पहुंची और उनके साथ सतना नगर निगम के महापौर योगेश ताम्रकार एवं डीआरआई के अभय महाजन सहित नगर के अन्य नागरिक व नगर परिषद की अध्यक्ष सुखवंती बाई बुनकर, राजा बहादुर हर्षवर्धन सिंह,




दीन सहायक संस्था के अध्यक्ष दयाशंकर मिश्रौलिया सहित संस्था के पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे और उनके आते ही सीधे उन्हें संचालक महोदय द्वारा भूमि पूजन में बैठने के लिए कह दिया गया जिस पर वह झिझक भी रही थी और संदेह समझ में आने पर पूछी भी की किस चीज का भूमि पूजन है क्योंकि एक दिन पहले नगर परिषद के अध्यक्ष सहित पार्षदों द्वारा जाकर मामले की जानकारी दी गई थी तब संचालक महोदय द्वारा बताया गया कि कोठी के तत्कालीन राजा और इस संस्था के प्रेरणा स्त्रोत स्वर्गीय सीता रमणप्रताप बहादुर सिंह जी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमि पूजन किया जाना है जिस पर वह भूमि पूजन के लिए बैठ गई और वहां पर मौजूद पंडित द्वारा वैदिक मंत्र का उच्चारण कर भूमि पूजन की प्रक्रिया पूरी की गई इसके बाद राज्य मंत्री ने कुदारी उठाकर गड्ढा भी किया और मंच की ओर चल दी इसके बाद कुछ लोगों द्वारा शिला पट्टिका को ना खोले जाने? को कहा गया कि भूमि पूजन कर दिया गया है और शिला पट्टिका नहीं खोली गई जिसके बाद मंत्री ने कहा कि वहां पर मौजूद अतिथि अभय महाजन ही इसको खोल दें और जब भूमि पूजन राजा साहब के नाम का हुआ और अभय महाजन जी द्वारा शिला पट्टिका का पर्दा हटाया गया जिसमें सार्वजनिक शौचालय दिखा तो सभी हतप्रत रह गए मंच पर मौजूद योगेश ताम्रकार मंत्री प्रतिमा बागरी स्वयं सहित अन्य अतिथि सभी भौच्चका रह गए क्योंकि दीन सहायक संस्था के पदाधिकारी द्वारा शिलापट्टिका से पर्दा हटाते ही जब यह बात लोगों ने जान लिया तो उसे तुरंत उठाकर अंदर की ओर ले जाने लगे जिससे वहां पर मौजूद कुछ लोगों को नागवार गुजरा जिसके बाद लोगों में उबाल आ गया और अपने राजा साहब का इस तरह अपमान होता देख लोगों से सहा ना गया और बवाल मचने की स्थिति बन गई सामाजिक कार्य साथ में होने की वजह से मौजूद कुछ लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया परंतु आज सबसे बड़ी बात है कि कई बड़े सवाल खड़े हो गए जिसका अब लोग उत्तर ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं जिस तरह दीन सहायक संस्था द्वारा आज कोठी के राजा का अपमान किया गया वह भी राज्य मंत्री एवं वर्तमान राजा राजा बहादुर हर्षवर्धन सिंह सहित तमाम क्षेत्र के गणमान्य अतिथि एवं नागरिकों की मौजूदगी में उससे कई सवाल खड़े हो गए और संस्था की कार्य प्रणाली पर लोगों ने कई सवाल दागने शुरू कर दिए और सड़क तक यह बात लाने को कह दी ।

> ▶ लोगों ने कहा अपने रास्ते से भटक चुकी है दीन सहायक संस्था
>
> ▶ राज्य मंत्री को भी किया गुमराह, जिसने दी जमीन उसी का किया अपमान, लोगों में नाराजगी

लोगों ने कहा कि संस्था के अन्य सदस्यों को भी इस बात की जानकारी रही होगी फिर कैसे आज राज्य मंत्री की आंख में धूल झोंक कर संस्था द्वारा जबरदस्ती का काम किया गया और बैनर कोई और लगाकर अनाउंसमेंट किसी और का और काम कुछ और किया गया जो किसी को अच्छा ना लगा शिवाय जिनके द्वारा योजना बध्य तरीके से यह कार्य किया गया था उनको छोड़कर इसके बाद राज्य मंत्री को खुद बोलना पड़ गया कि ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की मनशा को ठेस पहुंचे और जिस कार्य पर सहमति ना हो उस कार्य को ना करें आज मेरे द्वारा जो भूमि पूजन किया गया वह कोठी के तत्कालीन राजा सीता रमणप्रताप बहादुर सिंह की प्रतिमा स्थापित करने के लिए किया गया है ना कि सार्वजनिक शौचालय बनाए जाने के लिए उन्होंने संस्था द्वारा निरंतर किए जाने वाले समाज सेवा के कार्यों की सराहना की परंतु आज के कार्यक्रम पर दुख प्रकट किया और बोला यह गलत बात है इस तरह किसी से छुपाकर कार्य नहीं करना चाहिए संस्था निरंतर समाज सेवा के कार्य कर रही है और बहुत पहले से करती चली आ रही है आज संस्था जिस मुकाम पर है कोई ऐसा कार्य न करें जिससे संस्था को अपमानित होना पड़े और लोगों को दुख हो । इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लाभार्थी सहित आम जनमानस मौजूद रहा जिन्होंने राज्य मंत्री के उद्बोधन का धन्यवाद दिया।

### लोगों का नाराज होना जायज : राज्यमंत्री

श्रीमती बागरी ने लोगों के नाराजगी पर सहमति जताई कहा कि लोगों का नाराज होना जायज है क्योंकि उनकी असहमति से कार्य करना उचित बात नहीं है उन्होंने सार्वजनिक शौचालय पर असहमति जताते हुए कहा कि यह कार्य नगर परिषद स्वयं करेगी और इसको सीएमओ और नगर परिषद मिलकर योजना बनाकर कार्य करेगी शौचालय का कार्य सीएमओ को दिया जाएगा जहां पर आवश्यकता होगी इसका निर्माण वहां पर किया जाएगा। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कंबल वितरण एवं जय हिंद अस्पताल के डायरेक्टर जितेंद्र सिंह गहरवार के सहयोग से प्रदान की गई गरीब बच्चों के कपड़ों का वितरण किया

### राज्यमंत्री का निर्णय सराहनीय : यशवंत पांडे

भाजपा मंडल कोठी के पूर्व अध्यक्ष यशवंत पांडे ने राज्य मंत्री के इस निर्णय की सराहना करते हुए उनका विशेष धन्यवाद दिया और कहा कि राज्य मंत्री ने निश्चित रूप से नगर परिषद के लोगों का मान रखते हुए निर्णय लिया है जो उचित एवं स्वागत योग्य है क्योंकि जिस जमीन पर दीन सहायक संस्था सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य करना चाह रही है वह मध्य प्रदेश शासन की है जिसमें दुकानों का निर्माण होना चाहिए दुकानों के निर्माण हो जाने से नगर परिषद के राजस्व में बढ़ोतरी सहित स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्राप्त होगा और विकास भी होगा उन्होंने कहा कि आज दीन सहायक संस्था जिस प्रकार से अपने रास्ते से भटक रही है यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है जिसकी वजह संस्था में मौजूद कुछ लोग हैं जो लोगों की आंख में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं जिसको आज राज्य मंत्री ने बेनकाब दिया उन्होंने राज्य मंत्री का विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए आभार प्रदर्शित किया।

## एक नजर में



### सफाई कर्मियों को वितरण किए गए गरम वस्त्र

**रामपुर बाघेलान ।** कड़ाके की ठंड में सुबह से काम करने वाले सफाई कर्मियों को नगर परिषद द्वारा कार्यरत सफाई कर्मियों को विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया ने सर्दियों के गरम वस्त्र वितरित किये। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण श्रीवास्तव उपयंत्री विश्वजीत कुशवाहा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष अशोक कोल , पार्षद शिवांक त्रिपाठी , अब्दुल इसहाक खान, दिलीप सोनी , समाजसेवी कमलेश कचेर, लेखापाल संदीप वर्मा,आकाश सेन, अभिषेक खरे, राम विश्वास कुशवाहा, सुनील कुशवाहा,सहित नगर परिषद स्टाफ और गणमान्य जन मौजूद रहे।



### विश्व ध्यान दिवस मनाया गया

**रामनगर ।** पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं और नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एवं छात्र / छात्राओं के द्वारा ध्यान और प्राणायाम किया गया। जिसमें रामनगर के नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार अवधिया ने बताया कि ध्यान करने से तनाव और चिंता कम होती है, एकाग्रता व याददाश्त बढ़ती है, नींद में सुधार होता है, रक्तचाप सामान्य रहता है, और मानसिक शांति व भावनात्मक संतुलन मिलता है, जिससे समग्र शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है इसमें उपस्थित परामर्शदाता रामसुशील कुशवाहा रावेंद्र कुमार सेन डॉ चंद्रकली पटेल नीरज कुमार शुक्ला आभा द्विवेदी उपस्थित रहे हैं।

### कोटर क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट के 14 वें सत्र का आगाज



**कोटर।** लगातार 14 वर्षो से कोटर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें कोटर नगर के युवाओं और समस्त क्षेत्रवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है ।आज कोटर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ मुकाबला आईटीआई सतना और पुलिस लाइन सतना की टीमों के खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए आई टी आई सतना ने 10 ओवर में 169 रन बनाए, जवाब में पुलिस लाइन सतना की टीम 10 ओवर में मात्र 115 रन ही बना सकी। जिसमें मैन ऑफ द मैच मयूर सिंह रहे। कोटर क्रिकेट कप टूर्नामेंट के संरक्षक युवा समाजसेवी एवं उद्योगपति अभय ग्रुप आप कंपनीज के डायरेक्टर गुलाब शुक्ला हैं। टूर्नामेंट के व्यवस्थापक एवं संयोजक युवा समाजसेवी पं के सी शुक्ला कोटर के मार्गदर्शन में चल रहा हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कोटर नगर परिषद के उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवार रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता की नगर परिषद कोटर के सभापति राजेंद्र गौतम बब्लू भईया ने की, प्रभाकर तिवारी ने राजेंद्र गौतम के साथ फीता काटकर मैच का उद्घाटन किया।

### देवलहा ग्राम में हुई जल संचय अभियान की जल संगोष्ठी




**हिरौंदी ।** ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवलहा द्वारा जल संचय अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शिवनारायण, सलाहकार, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में देवमुनि पटेल , बी .सी .एम . मझगवां की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि शिवनारायण ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जल ही जीवन है और जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं सामूहिक सहभागिता से जल संकट से निपटने पर विशेष जोर दिया।

## वन विभाग ने पुरा तालाब से किया 12 कछुओं का रेस्क्यू

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 21 दिसम्बर वन्यजीवों के संरक्षण के दृष्टिगत शनिवार को रानीपुर टाइगर रिजर्व की बरगढ़ रेंज टीम द्वारा लालतारोड स्थित पुरा तालाब से प्रतिबंधित प्रजाति के 12 जीवित कछुओं का रेस्क्यू किया गया।**

शनिवार को ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई कि लालतारोड के पास पुरा तालाब में लघु सिंचाई विभाग द्वारा गहरीकरण का कार्य कराया जा रहा है, जहां कुछ कछुए पाये गये हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुँचकर 12 कछुओं का सफल रेस्क्यू किया गया। इस दौरान कुछ ग्रामीणों भी कछुएं ले गए। जिन्हें वन्य जीव अधिनियम 1972 के कानून की जानकारी देते हुए बताया गया कि



प्रतिबंधित जलीय वन्य जीवों को अपने कब्जे में रखना दण्डनीय अपराध है। कार्यदायी संस्था लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया कि तालाब से सम्बन्धित कार्य करने के दौरान समस्त जलीय जन्तुओं व वन्य जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करें एवं कार्य करने से पूर्व वन विभाग को सूचित करें, ताकि जलीय वन्य जीवों को किसी प्रकार की कोई हानि न होने पाये। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर बरामद किए गए कछुओं को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची-2 के तहत संरक्षित किया हैं। साथ ही आरोपियों के विरुद्ध अधिनियम की धारा 39 और 51 के तहत मामला दर्ज किया है। इस सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि कोई भी वन्यजीव सरकारी संपत्ति माना जाता है, वन विभाग पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। कछुओं को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू कर लिया गया है और जल्द ही उन्हें नियमानुसार उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा।

### विश्व ध्यान दिवस का आयोजन

**सतना।** महर्षि विद्या मंदिर, बगहा, सतना में विश्व ध्यान दिवस अत्यंत शांतिपूर्ण एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु परंपरा पूजन के सामूहिक उच्चारण से हुआ, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के सभी छात्रङ्कछात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा ट्रान्सेंडेंटल मेडिटेशन (टीएम) का अभ्यास किया गया, जिसका सुंदर एवं प्रभावी प्रदर्शन ध्यान प्रशिक्षक श्री राकेश तिवारी द्वारा किया गया। छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों ने पूर्ण एकाग्रता के साथ ध्यान अभ्यास में सहभागिता की। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य श्री उपवन कुमार अग्रवाल ने सभी को संबोधित करते हुए ट्रान्सेंडेंटल मेडिटेशन के लाभों पर प्रकाश डाला।

## सरस्वती शिशु मंदिर बिहरा में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**कोटर 21 दिसम्बर। सरस्वती शिशु मंदिर बिहरा क्रमांक एक में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रामरती कोल संकुल प्राचार्य शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय बिहरा क्रमांक एक रहीं ।**

इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण के संबंध में अपने विचार रखे । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती बेला सिंह जनपद सदस्य रामपुर बाघेलान ने की, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सीमा सतनामी पूर्व सरपंच बिहरा रहीं, मुख्य वक्ता श्रीमती रेखा मिश्रा पूर्व पार्षद नगर परिषद् बिरसिंहपुर ने कुटुंब प्रबोधन पर अपने विचार रखे। वक्ता श्रीमती पुष्पा मिश्रा ने भारत के विकास में महिलाओं का योगदान पर अपने विचार रखे।



कार्यक्रम की प्रस्तावना सुश्री आकृति सिंह आचार्या द्वारा प्रस्तुत किया गया , संचालन सुश्री ज्योति कुशवाहा ने किया। विद्यालय की दीदी द्वारा माताओं का सम्मान किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती ज्योति सिंह,अन्नपूर्णा सिंह, सविता नामदेव, प्रभा नामदेव, ज्योति नामदेव,राधा विश्वकर्मा,ममता विश्वकर्मा,माधुरी नंदा,संतोष कुमारी विश्वकर्मा, रोशनी नामदेव,मीरा सतनामी, हेमलता नामदेव, प्रीतू साहू, पुष्पा द्विवेदी, संध्या शुक्ला, सीता विश्वकर्मा, मधु सेन, लीलावती पाठक, सीमा विश्वकर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रभान सिंह, संकुल प्रमुख नत्थू सिंह, श्रीधर सिंह अबेर ,अरुणेंद्र सिंह अबेर ,समरजीत सिंह , रामभान सतनामी, कंचन नामदेव, प्रिया कुशवाहा, प्रिया पांडेय, मीनाक्षी शुक्ला , विद्यालय की पूर्व बहिनें एवम अन्य लोग शामिल हुए।

## बहू के साथ दुराचार करने वाले ससुर को 10 साल की कैद

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 21दिसम्बर ससुर और बहू के रिश्तों को शर्मसार करने वाले दुराचारी को त्वरित न्यायालय ने 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 18,000 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में पीड़िता द्वारा न्यायालय में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया गया था। न्यायालय के आदेश पर मऊ थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी मई 2018 में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद उसका पति बाहर मजदूरी करने चला गया। इस दौरान उसके सगे ससुर ने ससुराल में उसे अकेले पाकर बहला-फुसला कर, धरा-धमकाकर बुरा काम किया। साथ ही कहा कि इस बारे में किसी से बताने पर वह माकर यमुना नदी में फेंक देगा। घटना के समय उसकी सास खेतों में गई थी, वहां से लौटने पर पीड़िता ने सास को मामले की जानकारी दी, किंतु उन्होंने भी उसे चुप करा दिया। इस दौरान वह गर्भवती हो गई और मायके आने पर बच्चा हुआ, जो कुछ दिन बाद खत्म हो गया। इसके बाद फिर से उसे ससुराल बुला लिया गया और 26 दिसम्बर 2019 की रात पीड़िता के साथ ससुर ने जबरन दुराचार किया। सबेरे इसकी जानकारी देकर उसने अपने पिता को बुला लिया और मायके चली आई। इस दौरान ससुर ने मामले की शिकायत करने पर उसे व उसके पिता को मारकर लाश गायब कराने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्तों की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने शनिवार को इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी ससुर को 10 वर्ष सश्रम कारावास के साथ 18,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

### चित्रकूट के चौराहों पर है अलाव के इंतजाम-ईओ

सर्दी की ठिठुरन बढ़ने के साथ ही चित्रकूटधाम नगर पालिका परिषद ने भी राहगीरों के लिए ठंड से बचाव के प्रयास शुरू कर दिए हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत नगर में सभी चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जरुरतमंदों के लिए एक अस्थायी रैन बसेरा भी रात गुजारने के लिए बनाया गया है। यह बात नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया।



## डॉ . मोहन यादव सरकार के 2 साल पूरे होने पर भाजपा की हुई कार्यशाला

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 21 दिसम्बर। भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशन में विधानसभा क्षेत्र रामपुर बाघेलान के फोनिक्स मैरिज गार्डन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सफल कार्यकाल 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांण्डेय रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री रमाकांत गौतम जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार भाजपा जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल सिंह रामपुर बाघेलान जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह अमरपाटन जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनीत पाण्डेय जिला पंचायत सदस्य रमाकांत पयासी जिला मंत्री दीपनारायण सिंह शुभम तिवारी आईटी सेल के जिला संयोजक शिवांक त्रिपाठी एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक कोल भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा मृगेंद्र सिंह परिहार जितेंद्र मिश्रा शैलेंद्र सिंह रामकृष्ण तिवारी डा एस के सिंह के बी सिंह रहे। इस दौरान मुख्य रूप से भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष एवं एस आई आर मण्डल प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा जनपद सदस्य रमेश पाण्डेय प्रजेश दुबेदी शैलेंद्र तिवारी शीलू राजकृष्ण अग्निहोत्री गोपाल बंशल संतोष सिंह रामनरेश दुबेदी दादू गहरवार प्रदीप सिंह सहित विधानसभा एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष महामंत्री बी एल ए टू सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय मजदूर संघ की बैठक में हुआ कार्यकारिणी का विस्तार

नवभारत न्यूज

**सतना 21 दिसम्बर। भारतीय मजदूर संघ जिला सतना की बैठक श्रम कल्याण केंद्र प्रेमनगर ,सतना में जिला अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।**

इस अवसर पर विभाग प्रमुख मगनलाल बाल्मीकि अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, बैठक का संचालन जिला मंत्री शरद तिवारी द्वारा किया गया । बैठक में जिला कार्यालय मंत्री प्रदीप तिवारी द्वारा श्रमिक गीत लिया गया, बैठक में लगातार



अनुपस्थित रह रहे पदाधिकारियों पर कार्यवाही और जिला कार्यकारिणी विस्तार पर प्रस्ताव पारित हुआ । सर्वसम्मति से डी.सी श्रीवास्तव,पी सी श्रीवास्तव एवं कृष्ण गोपाल बाबा वाल्मीकि को जिला कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया गया।

### ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक प्रदेश कार्यकारिणी

**सतना।** आज दिनांक 21 12 2 ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक कार्यालय संत नगर बगहा में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह करचूली की अध्यक्षता में प्रारंभ की गई की गई जिसमें सदस्यता संगठन विस्तार पर चर्चा विंध्य प्रदेश पुन: निर्माण हेतु चर्चा अनिवार्य रूप से प्रदेश स्तरीय बैठक होना 23 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनाने पर चर्चा राष्ट्रीय सचिव अमरीश जी दिनांक 17एवं 18 जनवरी को सतना आगमन पर चर्चा वह अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई.

## गुरु कृपा से सब कुछ संभव : जगद्गुरु रामललाचार्य

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 21 दिसम्बर। रामपुर बाघेलान के तपा में समाजसेवी आशीष सिंह अंम्बू के द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में कथा का वाचन कर रहे श्री मानसपीठ खजुरीताल के जगद्गुरु स्वामी रामलला चार्य ने अपने व्याख्यान में कहा - हमारे देश की गुरु-शिष्य परंपरा अद्भुत है। जिसे सीखना होता है वो कहीं से भी सीख लेता है।**

उसे अच्छा सीखने के लिए किसी कारण की आवश्यकता नहीं होती। निवेदन करूँ सती अनुसूया जी के पुत्र दत्तात्रेय भगवान ने चौबीस गुरु बनाए और उनके गुणों का उल्लेख किया। जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य जी वो ऐसे आकाशधर्मा गुरु थे जिन्होंने समाज के सभी वर्ग को स्वीकार किया। उनके प्रमुख द्वादश शिष्यों ने भी अक्षय कीर्ति कमाई और कीर्ति-यश तो ठीक है। लेकिन बात तब बने जब ठाकुर जी के दर्शन हो जाएं और ये द्वादश शिष्य ऐसे दर्शन प्राप्त महाभाग थे। जिस ब्रह्म को यति,



महर्षि, योगी हजारों वर्षों की साधना में केवल एक झलक पाने की अभिलाषा से अनेक यत्न करते रहते हैं; यदि गुरु की कृपा हो जाए तो यह अति सहज हो जाता है। माता शबरी ने भगवत दर्शन की कल्पना भी नहीं की थी, लेकिन गुरु मतंग ऋषि के विश्वास के बल से उन्हें राम जी के दर्शन हुए। भारत ऐसे अनेक श्रेष्ठतम आचार्यों-गुरुओं की भूमि है।उसी तारतम्य में जगद्गुरु जी ने महाभारत,राजा परीक्षित को श्राप अनेकानेक कथाओं में सभी श्रोताओं को सराबोर किए।।

**कथा श्रोता** - बृजेश प्रताप सिंह श्रीमती मीना सिंह पूर्व सरपंच तपा रही ।कथा मे रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी एडवोकेट पुष्पराज शुक्ला शिवमोहन सिंह सुनील सिंह शिवम त्रिपाठी पार्षद शिवांक त्रिपाठी सोनू शर्मा अशीष सिंह अम्बू शिवम त्रिपाठी पत्रकार पुष्पराज कुशवाहा सहित सैकडो श्रोताओ ने कथा का रसपान किया।